Adda247 GET IT ON Google Play

# TNSET 2024

**Module Name : Hindi**
**Exam Date : 08-Mar-2025 Batch : 14:00-17:00**

| Sr. No. | Hindi |
|---|---|
| | PAPER II |
| 1 | सही उत्तर लिखिए।<br>(A) विषय का अच्छा जानकार ही सहज भाषा बोल लिख सकता है।यह बात साहित्यिक भाषा तथा प्रयोजन मूलक भाषा के लिए अन्वित नहीं है।<br>(R)विषय की अच्छी जानकारी के द्वारा ही साहित्यिक भाषा और प्रयोजन मूलक भाषा को समझ सकते हैं।<br><br>A : (A) सही है (R) गलत है।<br><br>B : (A) सही है (R) भी सही है।<br><br>C : (A) गलत है (R) सही है।<br><br>D : (A) गलत है (R) भी गलत है। |
| 2 | वैदिक संस्कृत में ध्वनियों की संख्या थीं -<br><br>A : 50<br><br>B : 51<br><br>C : 52<br><br>D : 53 |
| 3 | देवनागरी लिपि का उद्भव 8 वीं और 9 वीं शताब्दी के बीच निम्न में से कौन-सी लिपि से हुआ था ?<br><br>A : ब्राह्मी<br><br>B : खरोष्ठी<br><br>C : कुटिल<br><br>D : गुरुमुखी |
| 4 | निम्न में से संवृत ध्वनि कौन-सी है ?<br><br>A : ऍ<br><br>B : अ<br><br>C : ई<br><br>D : ओ |
| 5 | राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे ?<br><br>A : श्री बालगंगाधर खेर<br><br>B : श्री जवाहरलाल नेहरू |

Adda247

# Test Prime

***ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION***

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

IBPS

NABARD

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

| | |
|---|---|
| | C : श्री लालबहादुर शास्त्री<br><br>D : श्री ओम मेहता |
| 6 | प्रथम विश्व हिन्दी दिवस इस वर्ष में मनाया गया है :<br><br>A : 2004<br><br>B : 2006<br><br>C : 2007<br><br>D : 2005 |
| 7 | भारतीय संविधान की कौन-सी अनुच्छेद में हिन्दी को संघ की राजभाषा और लिपि को देवनागरी लिपि स्वीकार किया गया है?<br><br>A : अनुच्छेद 343<br><br>B : अनुच्छेद 344<br><br>C : अनुच्छेद 345<br><br>D : अनुच्छेद 347 |
| 8 | मागधी का प्राचीन रूप किनकी रचनाओं में मिलता है ?<br><br>A : कालिदास<br><br>B : अश्वघोष<br><br>C : हर्षवर्धन<br><br>D : भरतमुनि |
| 9 | 'प' किस वर्ग की ध्वनि है ?<br><br>A : कण्ठ्य<br><br>B : ओष्ठ्य<br><br>C : तालव्य<br><br>D : मूर्धन्य |
| 10 | भाषा वैज्ञानिक भाषाओं को दो भागों में वर्गीकरण करते हैं।<br>1.आकृतिमूलक अथवा रूपात्मक वर्गीकरण<br>2.पारिवारिक अथवा भाषाकुल का वर्गीकरण<br><br>A : 1 सही और 2 गलत है।<br><br>B : दोनों सही है।<br><br>C : दोनों गलत है।<br><br>D : 1 गलत और 2 सही है। |

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| 11 | तनु तज्यो कुटिल कीट,<br>ज्यों तज्यो मातु पिता।<br>उक्त कथन किस कवि का है?<br><br>A : जय शंकर प्रसाद<br><br>B : दादुदयाल<br><br>C : तुलसीदास<br><br>D : सूरदास |
| 12 | हिन्दी साहित्य के काल विभाजन में नगेन्द्र ने भारतेन्दु काल को किस नाम से संबोधित किया ?<br><br>A : नवलेखनकाल<br><br>B : गद्यकाल<br><br>C : पुनर्जागरण काल<br><br>D : जागरणकाल |
| 13 | 'माधो मैं ऐसा अपराधी,<br>तेरि भगति होत नहीं साथी' ॥ उपरोक्त पंक्तियों के रचनाकार कौन हैं ?<br><br>A : कबीर<br><br>B : सूरदास<br><br>C : तुलसीदास<br><br>D : रसखान |
| 14 | रामविलास शर्मा किस समीक्षा पद्धति के प्रसिद्ध आलोचक हैं ?<br><br>A : मनोवैज्ञानिक आलोचना<br><br>B : मार्क्सवादी आलोचना<br><br>C : रसवादी आलोचना<br><br>D : नई समीक्षा |
| 15 | तिलिस्मी ऐतिहासिक उपन्यासों के कथानक किस विषय से संबंधित हैं ?<br><br>A : रहस्य और रोमांच से युक्त<br><br>B : मानव कल्याण से युक्त<br><br>C : वीरता से युक्त<br><br>D : प्रेम भावना से संबंधित |
| 16 | छोड़ द्रुमों की मृदु छाया<br>तोड़ प्रकृति से भी माया<br>बाले तेरे बाल जाल में<br>- कैसे उलझ दूँ लोचन ?<br>पंक्तियों के रचनाकार ? |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| | A : जयशंकर प्रसाद<br>B : सुमित्रानंदन पंत<br>C : निराला<br>D : महादेवी वर्मा |
| 17 | "सिद्धों और योगियों की रचनाएँ साहित्य कोटि में नहीं आतीं और योगधारा काव्य या साहित्य की कोई धारा नहीं मानी जा सकती।"<br>- यह कथन किसका है ?<br>A : बच्चन सिंह<br>B : आ. रामचंद्र शुक्ल<br>C : आ. हजारीप्रसाद द्विवेदी<br>D : डॉ. नगेन्द्र |
| 18 | निम्नलिखित में से असत्य कथन कौन सा है?<br>A : तुलसीदास कृत गीतावली लीला विषयक गीतों का संग्रह है ।<br>B : तुलसीदास की बरवै रामायण दोहा-चौपाइयों में लिखी रचना है।<br>C : तुलसीदास कृत कवितावली कवित्त, सवैया, छप्पय आदि छंदों में रची है।<br>D : तुलसीदास की रचना विनय-पत्रिका विनय संबंधी गेय पदों का संग्रह है। |
| 19 | 'सरस्वती' पत्रिका में कौन सी कहानी लिखकर प्रेमचन्द ने कहानी क्षेत्र में प्रवेश किया ?<br>A : ईदगाह<br>B : कफ़न<br>C : सौत<br>D : ठाकुर का कुआँ |
| 20 | निबन्धों में उनके विचार, भाव की सीमा-रेखा पर स्थित है।<br>- यह किसका कथन है ?<br>A : डॉ. इंदूनाथ मदान<br>B : पं. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र<br>C : महादेवी वर्मा<br>D : हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| 21 | पाश्चात्य काव्य शास्त्र के आदि आचार्य हैं -<br>A : अरस्तु<br>B : प्लेटो |

Adda247

C : कॉलरिज

D : वर्डसवर्थ

22 वाक्यं रसात्मकं काव्यम्' यह किसकी उक्ति है ?

A : आचार्य मम्मट

B : आचार्य विश्वनाथ

C : आचार्य रुद्रट

D : आचार्य आनंदवर्धन

23 सही उत्तर चुनकर लिखें
जो गुण चित्त में अनायास प्राप्त होता है उसे कौन-सा गुण कहते हैं ?

A : रीति

B : ओज

C : माधुर्य

D : प्रसाद

24 पाश्चात्य काव्यशास्त्र की परंपरा का प्रारंभ कब से माना जाता है ?

A : प्लेटो से माना जाता है।

B : अरस्तु से माना जाता है।

C : लौंजाइनस से माना जाता है।

D : टी. एस. इलियट से माना जाता है।

25 'काव्य हेतु' का अर्थ क्या है ?

A : कवि में काव्य निर्माण की सामर्थ्य करनेवाले साधन।

B : काव्य सृजन करने में सहायक सिद्ध होनेवाले आदमी।

C : काव्य-अभ्यास करनेवाले पाठकगण।

D : काव्य सृजन करनेवाले रचनाकार।

26 आचार्य कुलपति के रूपक लक्षण को इनमें से चुनिए -

A : "उपमा अरु उपमेय को, भेद परै नहीं जान। समता व्यंग्य रहै जहाँ, रूपक ताहि बखान ॥ "

B : "उपमैका शैलूषी संप्राप्ता चित्रभूमिका भेदान। रञ्जयति काव्यरंगे नृत्यन्ती तद्विदां चेत: ॥ "

C : "शब्दार्थयोरस्थिरा ये धर्मा: शोभातिशायिन:। रसादीनुपकुर्वन्तोलङ्कारास्ते अलंगवविवत् ॥ "

D : "उपकुर्वन्ति तं सन्तं येङ्द्वारेण जातुचित्। हाराविवदलंकारास्तेनुप्रासोपमादय: ॥ "

27 'लाली मेरे लाल की जित देखो तित लाल' में कौन-सा अलंकार निहित है ?

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| | A : वक्रोक्ति<br>B : वीप्सा<br>C : अनुप्रास<br>D : यमक |
| 28 | आचार्य मम्मट के काव्य-ग्रन्थ इनमें कौन-सा है ?<br>A : काव्य प्रभाकर<br>B : रस-कलश<br>C : नवरस<br>D : काव्य प्रकाश |
| 29 | गोपी ग्वालबाल जुरे आपस में कहें आली,<br>कोऊ जसुदा को अवतरयौ इन्द्रजाली है।<br>कहै 'पद्माकर' करै को यौं उताली जापै,<br>रहन न पावै कहूँ एको फन खाली है।।<br>उपर्युक्त काव्य पंक्ति में निहित रस है -<br>A : शान्त रस<br>B : बीभत्स रस<br>C : अद्भुत रस<br>D : भयानक रस |
| 30 | पुत्रजन्म - उत्सव - समय, स्पर्श कीन्ह बहु गाय। " उपर्युक्त उदाहरण में प्रयुक्त दोष है-<br>A : अप्रयुक्तता दोष<br>B : संदिग्धत्व दोष<br>C : रसगत दोष<br>D : पदांशगत दोष |
| 31 | हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग की स्थापना किस वर्ष हुई ?<br>A : 1913<br>B : 1911<br>C : 1912<br>D : 1910 |
| 32 | "अंग्रेजी पढ़ी के जदपि सब गुण होत प्रवीन<br>पै निज भाषा ज्ञान बिन रहत हीन के हीन"<br>- यह किसकी पंक्तियाँ है ?<br>A : प्रेमचंद |

B : लल्लूलाल जी

C : भारतेंदु हरिश्चन्द्र

D : महावीर प्रसाद द्विवेदी

33 वर्ग 1 से वर्ग 2 का सुमेलित कीजिए।

| वर्ग 1 | | वर्ग 2 | |
|---|---|---|---|
| 1. | छत्तीसगढ़ | a. | असुर |
| 2. | झारखण्ड | b. | गोंड |
| 3. | मध्यप्रदेश का जबलपुर | c. | बिरजिया |
| 4. | राँची | d. | क़ोल |

निम्नलिखित में से एक सही उत्तर चुनिए।

A : 1-b, 2-c, 3-d, 4-a

B : 1-d, 2-a, 3-c, 4 - b

C : 1-a, 2-c, 3-b, 4-d

D : 1-c, 2-a, 3-d, 4-b

34 खड़ीबोली आन्दोलन का सूत्रपात किस वर्ष में हुआ?

A : 1887

B : 1886

C : 1885

D : 1884

35 'कविवचन सुधा' पत्रिका का प्रकाशन कब हुआ ?

A : सन 1868 ई

B : सन 1870 ई

C : सन 1980 ई

D : सन 1768 ई

36 भारतीय नवजागरण की शुरुआत कहाँ से हुई थी ?

A : दिल्ली से

B : बंगाल से

C : पंजाब से

D : ओड़िशा से

37 निम्न में से किसको आर्थिक सिद्धान्तकार, राजनीतिक चिंतक और द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद दार्शनिक प्रणाली के जनक के रूप में माना जाता है?

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| | A : लेनिन<br>B : कार्लमार्क्स<br>C : प्रेमचंद<br>D : रवींद्रनाथ ठाकुर |
| 38 | अक्तूबर 1918 की 'सरस्वती' में 'चीन और भारत के सामाजिक जीवन में साम्य' शीर्षक में जो टिप्पणी लिखी गयी, जिसके लेखक हैं -<br>A : भारतेन्दु हरिश्चन्द्र<br>B : महावीरप्रसाद द्विवेदी<br>C : महात्मा गांधी<br>D : डॉ. भीमराव अम्बेडकर |
| 39 | फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कब हुई ?<br>A : सन् 1800 ई.<br>B : सन् 1700 ई.<br>C : सन् 1790 ई.<br>D : सन् 1990 ई. |
| 40 | निम्नलिखित कविताओं में से यह कविता स्त्री की स्थिति को 'पराधीन सपनेहु सुख नाही' की भांति दर्शाती है -<br>A : औरत औरत में अंतर<br>B : अधूरा स्वेटर<br>C : प्यार की दीवार में<br>D : गृहिणी |
| 41 | निम्नलिखित में से कौन-सी रचना तुलसीदास की नहीं है ?<br>A : बरवै रामायण<br>B : वैराग्य संदीपनी<br>C : जानकी मंगल<br>D : रामभजन मंजरी |
| 42 | निम्नलिखित पंक्तियाँ किस कविता की हैं ?<br>विजन-वन वल्लरी पर<br>सोती थी सुहागभरी -<br>स्नेह-स्वप्न-मग्न-अमल-कोमल-तनु तरुणी<br>A : संध्या सुंदरी<br>B : जुही की कली |

Adda247 GET IT ON Google Play

C : मौन निमंत्रण

D : उर्मिला

| | |
|---|---|
| 43 | निम्नलिखित कविताओं में भवानी प्रसाद मिश्र कृत कविताएँ हैं-<br>a.सन्नाटा<br>b.सात गीत वर्ष<br>c.स्नेह शपथ<br>d.गीत फ़रोश<br>नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।<br><br>A : केवल b, c, d<br><br>B : केवल a, c, d<br><br>C : केवल a, b, d<br><br>D : केवल a, b, c |
| 44 | 'पृथ्वीराजरासो' को हिन्दी का प्रथम महाकाव्य किसने कहा?<br><br>A : डॉ रामविलास शर्मा<br><br>B : हरप्रसाद शास्त्री<br><br>C : आचार्य रामचन्द्र शुक्ल<br><br>D : डॉ जगदीश गुप्त |
| 45 | मैथिलीशरण गुप्त के काव्यों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है -<br><br>A : विष्णुप्रिया, साकेत, भारत-भारती, जयद्रथ-वध<br><br>B : साकेत, विष्णुप्रिया, जयद्रथ-वध, भारत-भारती<br><br>C : भारत-भारती,साकेत, विष्णुप्रिया, जयद्रथ-वध<br><br>D : जयद्रथ-वध,भारत-भारती, साकेत, विष्णुप्रिया, |
| 46 | विद्यापति की 'पदावली' में किस भाषा का प्रयोग किया गया है ?<br><br>A : मैथिली<br><br>B : खड़ी बोली<br><br>C : मागधी<br><br>D : संस्कृत |
| 47 | निम्नलिखित कविताओं में निराला कृत कविता नहीं है -<br><br>A : जागो फिर एक बार<br><br>B : आँसू<br><br>C : संध्या सुन्दरी |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| | D : राम की शक्ति पूजा |
| 48 | 'भूरि-भूरि खाक धूलि' और 'चाँद का मुहँ टेढ़ा है'- किसका काव्य संग्रह है ?<br>A : भवानी प्रसाद मिश्र<br>B : शमशेर बहादुर<br>C : मुक्तिबोध<br>D : अज्ञेय |
| 49 | 'सरोज स्मृति' कविता के रचनाकार कौन हैं ?<br>A : जयशंकर प्रसाद<br>B : सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'<br>C : मैथिली शरण गुप्त<br>D : सुमित्रानंदन पंत |
| 50 | खड़ीबोली में लिखा गया प्रथम महाकाव्य कौन-सा है ?<br>A : वैदेही वनवास<br>B : प्रिय प्रवास<br>C : मृत्युंजय<br>D : वसंत-वियोग |
| 51 | निम्नलिखित में से कौन-सा पात्र 'परीक्षा गुरु' उपन्यास का नहीं है?<br>A : अब्दुल<br>B : लाला ब्रज किशोर<br>C : मदन मोहन<br>D : शिम्भू दयाल |
| 52 | दिए गए उपन्यासों में कौन-सा उपन्यास कृष्णा सोबती का नहीं है ?<br>A : ज़िन्दगीनामा<br>B : मित्रोमरजानी<br>C : दौड़<br>D : समय सरगम |
| 53 | प्रकाशन वर्ष के अनुसार भगवती चरण वर्मा के उपन्यासों का सही अनुक्रम लिखिए।<br>1.आखिरी दाँव<br>2.भूले बिसरे चित्र<br>3.तीन वर्ष<br>4.चित्रलेखा |

Adda247

A : 4, 3, 1, 2

B : 2. 3, 1, 4

C : 3, 2, 4, 1

D : 1, 3, 2, 4

54 निम्नलिखित में से कौन-सा उपन्यास जीवनी परक उपन्यास नहीं है ?

A : मानस का हंस

B : राग दरबारी

C : बाणभट्ट की आत्मकथा

D : महाकाल

55 "जब दूसरे के पाँवों-तले अपनी गर्दन दबी हुई है, तो उन पाँवों को सहलाने में ही कुशल है"
- यह किसका कथन है ?

A : धनिया

B : होरीराम

C : गोबर

D : सोना

56 निम्नलिखित उपन्यासों में तुलसीदास की जीवनी और व्यक्तित्व के आधार पर लिखा गया उपन्यास है -

A : कसौटी

B : मानस का हंस

C : गुनाहों का देवता

D : खंजन नयन

57 ये जैनेन्द्र द्वारा लिखित उपन्यास हैं
A.सुनीता
B.दिव्या
C.बासंती
D.कल्याणी

A : D और C

B : A और D

C : A और B

D : B और D

58 'ब्रजकिशोर' किस उपन्यास का पात्र है ?

A : झूठा - सच

B : परीक्षा गुरू

C : गोदान

D : आपका बंटी

59 आपका बंटी उपन्यास में कितने बजे बंटी को सरकिट हाउस पहुँच जाने को लिखा है ?

A : पाँच बजे

B : सात बजे

C : नौ बजे

D : दस बजे

60 प्रेमकथा के रूप में लिखित उपन्यास को इनमें से चुनिए।

A : मंगल प्रभात

B : मनोरमा

C : मैला आँचल

D : भिखारिणी

61 'दुलाईवाली' कहानी में किस स्थान का ज़िक्र नहीं है?

A : मुगलसराय

B : बनारस

C : मथुरा

D : इलाहाबाद

62 सूची I का सूची II से मिलान कीजिए।

| | I | II |
|---|---|---|
| 1. | परम्परा | 1948 |
| 2. | कड़ियाँ तथा अन्य कहानियाँ | 1938 |
| 3. | अछूते फूल तथा अन्य कहानियाँ | 1944 |
| 4. | शरणार्थी | 1960 |
| 5. | विपथगा | 1957 |

A : 2, 3, 5, 1, 2

B : 3, 5, 4, 1, 2

C : 3, 4, 1, 2, 5

D : 4, 5, 3, 1, 2

63

Adda247 GET IT ON Google Play

सुमेलित कीजिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | राही | a. | चंदा |
| 2. | उसने कहा था | b. | बुद्धगुप्त |
| 3. | आकाश दीप | c. | अनीता |
| 4. | राजा निरबंसिया | d. | लहना सिंह |

A : 1-c, 2-d, 3-b, 4-a

B : 1-d, 2-c, 3-b, 4-a

C : 1-b, 2-d, 3-a, 4-c

D : 1-a, 2-c, 3-b, 4-d

64 निम्नलिखित कहानियों में कौन-सी कहानी संग्रह कमलेश्वर की नहीं है?

A : माँस का दरिया

B : 'जिन्दा मुर्दा'

C : ललमनियाँ

D : इतने अच्छे दिन

65 डॉ. इन्द्रनाथ मदान ने किसको आधुनिकता के नये दौर का कहानीकार कहा है ?

A : दूधनाथ सिंह

B : काशीनाथ सिंह

C : शेखर जोशी

D : ज्ञानरंजन

66 निम्न में से कौन सी कहानी फणीश्वरनाथ रेणु की नहीं है?

A : एक टोकरी भर मिट्टी

B : तीसरी कसम

C : ठुमरी

D : रसप्रिया

67 'दुलाईवाली' की लेखिका हैं-

A : राजेंद्रबाला घोष

B : मन्नू भंडारी

C : मृणाल पांडे

D : कृष्णा सोबती

68 'वंशीधर' किस कहानी का एक पात्र है?

A : दुलाईवाली

Adda247

GET IT ON Google Play

B : दलिया

C : भाई-बहन

D : चंद्रदेव से मेरी बातें

69 'ईदगाह' कहानी का एक पात्र है-

A : मोहसिन

B : वंशीधर

C : जानकी

D : इनमें से कोई नहीं

70 'कानों में कंगना' के कहानीकार हैं-

A : माधवराव सप्रे

B : चंद्रधर शर्मा गुलेरी

C : शेखर जोशी

D : राजा राधिकारमण प्रसाद सिंह

71 सूची I का सूची II से मिलान कीजिए।

| | I | II |
|---|---|---|
| 1. | राम कुमार वर्मा | विद्रोहिणी अम्बा |
| 2. | उदय शंकर भट्ट | शंबुक की हत्या |
| 3. | डॉ. शंकर शेष | राम की लड़ाई |
| 4. | नरेंद्र कोहली | खजुराहो का शिल्पी |
| 5. | लक्ष्मी नारायण लाल | अशोक का शोक |

A : 1, 5, 4, 3, 2

B : 2, 5, 4, 3, 1

C : 2, 4, 5, 3, 1

D : 3, 4, 5, 2, 1

72 "वीर पर्वतेश्वर से कदापि नहीं। आज मुझे जय पराजय का विचार नहीं है। मैंने एक अलौकिक वीरता का स्वर्गीय दृश्य देखा है। होमर की कविता में पढ़ी हुई जिस कल्पना से मेरा हृदय भरा है, उसे यहाँ प्रत्यक्ष देखा।"
यह कथन 'चन्द्रगुप्त' नाटक के किस पात्र का है?

A : चन्द्रगुप्त

B : पर्वतेश्वर

C : सिकंदर

D : चाणक्य

| | |
|---|---|
| 73 | निम्नलिखित रचनाओं का सही क्रम लिखिए।<br><br>A : आधी रात, सिन्दूर की होली, सन्यासी, राक्षस का मन्दिर<br><br>B : सन्यासी, आधी रात, सिन्दूर की होली, राक्षस का मन्दिर<br><br>C : सिन्दूर की होली, सन्यासी, आधी रात, राक्षस का मन्दिर<br><br>D : सन्यासी, राक्षस का मन्दिर, सिन्दूर की होली, आधी रात |
| 74 | "करुँ स्वाँग प्रारंभ आसरौ हमको मातु तुम्हारौ, मझधारौ के बीच भँवर में डौंगा पड़ौ हमारो---"<br>यह मंगलाचरण किस नाटक का है?<br><br>A : अंधेर नगरी<br><br>B : भारत दुर्दशा<br><br>C : अंधायुग<br><br>D : बकरी |
| 75 | निम्नलिखित में से कौन सा नाटक 1933 में लिखा गया था?<br><br>A : स्कन्दगुप्त<br><br>B : ध्रुवस्वामिनी<br><br>C : एक घूंट<br><br>D : चन्द्रगुप्त |
| 76 | "कबीरा खड़ा बाज़ार में" नाटक कितने अंकों में विभक्त है?<br><br>A : 4<br><br>B : 2<br><br>C : 3<br><br>D : 5 |
| 77 | निम्नलिखित कथन किसका है?<br>"नहीं, तुम काशी नहीं गये। तुमने सन्यास नहीं लिया। मैंने इसलिए तुमसे यहाँ से जाने के लिए नहीं कहा था। ---मैंने इसलिए भी नहीं कहा था कि तुम जाकर कहीं का शासन-भार सँभालो। फिर भी जब तुमने ऐसा किया, मैंने तुम्हें शुभकामनाएँ दीं-यद्यपि प्रत्यक्ष तुमने वे शुभकामनाएँ ग्रहण नहीं की।"<br><br>A : सुंदरी<br><br>B : सावित्री<br><br>C : मनोरमा<br><br>D : मल्लिका |
| 78 | निम्नलिखित में कौन सा प्रयोगात्मक नाटक है?<br><br>A : अंधी गली |

B : भँवर

C : आगरा बाजार

D : छठा बेटा

79 'अंजो दीदी' नाटक में निम्न लिखित कथन किसका है?
"मैं कवि नहीं हूँ; पर कवि मेज पर भी सोते हैं, धरती पर भी और गदेलों पर भी। यह कहीं नहीं लिखा कि मेज पर सोनेवाला आदमी कवि नहीं बन सकता।"
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए।

A : राघू

B : श्रीपत

C : इंद्रनारायण

D : नजीर

80 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक के स्त्री पात्र हैं
a. अंबिका
b. मल्लिका
c. प्रियंगुमंजरी
d. अनिमा
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए।

A : a, b, c

B : a, b, d

C : b, c, d

D : c, d, a

81 द्विवेदी जी ने "नाखून क्यों बढ़ते हैं" निबन्ध में भारतीय संस्कृति की किस विशेषता को बड़ी भारी विशेषता कहा है?

A : समन्वय की

B : लोकमंगल की

C : स्व के बंधन की

D : भक्ति भावना की

82 सूची I से सूची II का मिलान कीजिए।

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| a. | नाखून क्यों बढ़ते हैं? | I | तुम लोगों को इसका क्या अंदाज होगा कि हम कितने परेशान रहे हैं। |
| b. | भारतवर्षोन्नति कैसे हो सकती है? | II | मनुष्येतर प्रकृति के बीच के रूप-व्यापार कुछ भीतरी भावों या तथ्यों को भी व्यंजना करते हैं। |
| c. | मेरे राम का मुकुट भीग रहा है। | III | पशुता कभी भी मनुष्यता को हरा नहीं सकती अर्थात् संसार में केवल पशुता ही नहीं है, मनुष्यता भी है। |
| d. | कविता क्या है? | IV | तुम आप ही कमर कसो, आलस छोड़ो, कब तक अपने को जंगली, हूस, मूर्ख, बोदे, डरपोक पुकरवाओगे। |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

A : a-IV, b-II, c-III, d-I

Adda247 GET IT ON Google Play

B : a-II, b-III, c-IV, d-I

C : a-III, b-IV, c-I, d-II

D : a-I, b-III, c-IV, d-II

83 सूची I से सूची II का मिलान कीजिए।

| | सूची I निबन्ध संग्रह | | सूची II वर्ष |
|---|---|---|---|
| a | हल्दी दूब | I | 1976 |
| b | परम्परा बन्धन नहीं | II | 2001 |
| c | शिरीष की याद आई | III | 1955 |
| d | गिर रहा है आज पानी | IV | 1995 |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

A : a-IV, b-II, c-III, d-I

B : a-I, b-III, c-IV, d-II

C : a-III, b-I, c-IV, d-II

D : a-II, b-III, c-I, d-IV

84 शिवप्रसाद सिंह से लिखित निबन्ध कौन सा है?

A : पृथिवीपुत्र

B : शिखरों के सेतु

C : मन की बातें

D : चक्कर क्लब

85 मनुष्य और पशु आहार निद्रा आदि में समान है परन्तु फिर भी मनुष्य पशु से भिन्न क्यों है?

A : संयम के गुण के कारण

B : दूसरे के सुख-दुख के प्रति संवेदना के कारण

C : श्रद्धा, तप, त्याग आदि स्वयं के उद्भावित बंधनों के कारण

D : उपर्युक्त सभी

86 किस लेखक ने भारत को "महामानव सागर" कहा था?

A : नामवर सिंह

B : रवीन्द्रनाथ ठाकुर

C : दिनकर

D : अज्ञेय

87

Adda247 | GET IT ON Google Play

सूची A का B से मिलान कीजिए।

| | A | B |
|---|---|---|
| 1 | बालकृष्ण भट्ट | 1856 |
| 2 | रामचन्द्र शुक्ल | 1907 |
| 3 | हजारीप्रसाद द्विवेदी | 1884 |
| 4 | प्रतापनारायण मिश्र | 1844 |

A : 4, 3, 2, 1

B : 1, 2, 3, 4

C : 2, 1, 4, 3

D : 3, 1, 2, 4

88 'कविता क्या है' निबन्ध में शुक्ल जी ने कल्पना के कितने प्रकार कहे हैं?

A : पाँच

B : दो

C : तीन

D : चार

89 निम्नलिखित में से शुक्ल युग का निबन्धकार नहीं है-

A : गुलाब राय

B : वासुदेवशरण अग्रवाल

C : प्रभाकर मायवे

D : वियोगी हरि

90 'देवदारु' किसका निबन्ध है?

A : विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

B : महादेवी वर्मा

C : हजारी प्रसाद द्विवेदी

D : नामवर सिंह

91 सुमेल कीजिए

| | | सन् |
|---|---|---|
| A. | तिब्बत में सवा वर्ष | 1937 |
| B. | मेरी यूरोप यात्रा | 1926 |
| C. | मेरी तिब्बत यात्रा | 1931 |
| D. | मेरी लद्दाख यात्रा | 1932 |

A : 3, 4, 1, 2

B : 4, 3, 1, 2

C : 3, 2, 4, 1

Adda247

| | |
|---|---|
| | D : 1, 4, 2, 3 |
| 92 | निम्न में से किस साहित्यकार को "व्यास सम्मान" से सम्मानित किया?<br>A : मन्नू भण्डारी<br>B : भारतेन्दु<br>C : निराला<br>D : सभी |
| 93 | हिन्दी की किस कवियित्री को "आधुनिक काल की मीरा" के नाम से ज़ाना जाता है?<br>A : सुभद्राकुमारी चौहान<br>B : महादेवी वर्मा<br>C : शिवानी<br>D : मन्नू भण्डारी |
| 94 | 'मेरी तिब्बत यात्रा' किनकी रचना है ?<br>A : राहुल सांकृत्यायन<br>B : रामधारी सिंह दिनकर<br>C : माखनलाल चतुर्वेदी<br>D : यशपाल |
| 95 | 'आवारा मसीहा' पुस्तक की सामग्री के कितने स्रोत हैं?<br>A : एक<br>B : दो<br>C : तीन<br>D : चार |
| 96 | "ठकुरी बाबा" लेख, गद्य की कौन-सी विद्या के अन्तर्गत आता है?<br>A : निबन्ध<br>B : रेखाचित्र<br>C : कहानी<br>D : संस्मरण |
| 97 | कल्पवास के समय महादेवी वर्मा की देखभाल कौन करती थी?<br>A : भक्तिन |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

| | |
|---|---|
| | B : बेला<br><br>C : ठकुरीबाबा<br><br>D : चन्दु |
| 98 | "जब से चली है रेलगाड़ी कदर सिकरम की बिगाड़ी।" पंक्ति किस लेखक की वाणी है ?<br><br>A : कृष्ण चन्दर<br><br>B : हरिवंश राय बच्चन<br><br>C : मुक्तिबोध<br><br>D : अज्ञेय |
| 99 | "मैं कहता हूँ, झूठ यदि है तो उसका प्रचार मैंने तो नहीं किया, इसलिए प्रतिकार करने का दायित्व भी उनका ही है। उनको करने को कहो।"<br>उक्त वक्तव्य किस रचनाकार के वक्तव्य से लिया गया है ?<br><br>A : आवारा मसीहा-विष्णु प्रभाकर<br><br>B : आपहुदरी-रमणिका गुप्ता<br><br>C : संस्कृति के चार अध्याय-दिनकर<br><br>D : क्या भूलूँ क्या याद करूँ-हरिवंश राय बच्चन |
| 100 | "मैंने रिवोल्ट खड़ा नहीं किया। यह तो युग का प्रभाव है। कोई धारणा या वस्तु बहुत प्राचीन काल से चली आई है, इसी कारण वह सही नहीं है।"<br>नारी की धारणा के संबंध में उक्त वक्तव्य किसका है ?<br><br>A : बच्चन<br><br>B : दिनकर<br><br>C : शरतचन्द्र<br><br>D : कृष्ण चन्दर |

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**TNSET - 2024**
**HINDI**
**Date & Session 08.03.2025 \AN**

| Master QP No | Tentaive Key |
|---|---|
| 1 | C |
| 2 | C |
| 3 | C |
| 4 | C |
| 5 | A |
| 6 | B |
| 7 | A |
| 8 | B |
| 9 | B |
| 10 | B |
| 11 | C |
| 12 | C |
| 13 | A |
| 14 | B |
| 15 | A |
| 16 | B |
| 17 | B |
| 18 | B |
| 19 | C |
| 20 | C |
| 21 | A |
| 22 | B |
| 23 | D |
| 24 | A |
| 25 | A |
| 26 | A |
| 27 | C |
| 28 | D |
| 29 | B |
| 30 | A |

Adda247
GET IT ON Google Play

**TNSET - 2024**
**HINDI**
**Date & Session 08.03.2025 \AN**

| Master QP No | Tentaive Key |
|---|---|
| 31 | D |
| 32 | C |
| 33 | D |
| 34 | A |
| 35 | A |
| 36 | B |
| 37 | B |
| 38 | B |
| 39 | A |
| 40 | D |
| 41 | D |
| 42 | B |
| 43 | B |
| 44 | C |
| 45 | D |
| 46 | A |
| 47 | B |
| 48 | C |
| 49 | B |
| 50 | B |
| 51 | A |
| 52 | C |
| 53 | A |
| 54 | B |
| 55 | B |
| 56 | B |
| 57 | B |
| 58 | B |
| 59 | D |
| 60 | D |

Adda247

GET IT ON Google Play

**TNSET - 2024**

**HINDI**

**Date & Session 08.03.2025 \AN**

| Master QP No | Tentaive Key |
|---|---|
| 61 | C |
| 62 | D |
| 63 | A |
| 64 | C |
| 65 | D |
| 66 | A |
| 67 | A |
| 68 | A |
| 69 | A |
| 70 | A |
| 71 | C |
| 72 | C |
| 73 | D |
| 74 | D |
| 75 | B |
| 76 | C |
| 77 | D |
| 78 | A |
| 79 | B |
| 80 | A |
| 81 | B |
| 82 | C |
| 83 | C |
| 84 | B |
| 85 | D |
| 86 | B |
| 87 | A |
| 88 | B |
| 89 | C |
| 90 | C |

Adda247
GET IT ON Google Play

**TNSET - 2024**

**HINDI**

**Date & Session 08.03.2025 \AN**

| Master QP No | Tentaive Key |
|---|---|
| 91 | A |
| 92 | A |
| 93 | B |
| 94 | A |
| 95 | C |
| 96 | B |
| 97 | A |
| 98 | B |
| 99 | A |
| 100 | C |

Adda247